# मोदी सरकार मदद में देरी नहीं करेगी : शाह

## महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में चीनी मिल की विस्तारित क्षमता का उद्घाटन

**शिरडी (महाराष्ट्र), 5 अक्टूबर. बेमौसम भारी बारिश से महाराष्ट्र के किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं, लेकिन इस संकट की घड़ी में केंद्र सरकार ने बड़ा भरोसा दिया है.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरडी में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों को हर संभव मदद देने को तैयार है चाहे वह नकद सहायता हो, खाद्यान्न, या नीतिगत राहत. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के किसानों को भरोसा दिलाया कि हाल की भारी बारिश से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार हर संभव सहायता देगी. शिरडी में एक किसान रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से यह आश्वासन है कि रिपोर्ट मिलते ही राहत पैकेज जारी किया जाएगा. शाह ने बताया कि बारिश के चलते अब तक 60 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि प्रभावित हो चुकी है.



### मिलों की हालत सुधरी

केंद्र सरकार पिछले वर्ष की सहायता के अंतर्गत 3,132 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर चुकी है, जिसमें इस साल अप्रैल में दी गई 1,631 करोड़ रुपये की राशि भी शामिल है. महाराष्ट्र सरकार ने भी 2,215 करोड़ रुपये की राहत राशि दी है, जिससे 31 लाख से ज्यादा किसानों को लाभ हुआ है. शाह ने चीनी सहकारी उपलब्धियों को सराहा और कहा कि एथेनॉल मिश्रण नीति से सहकारी मिलों की हालत सुधरी है. उम्मीद है कि केंद्र जल्द ही एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा कर सकता है.

> शनिवार रात शाह ने शिरडी में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे व अजित पवार के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की. करीब 45 मिनट चली इस बैठक में बारिश से फसल को हुए नुकसान और किसानों के लिए तत्काल राहत के उपायों पर चर्चा हुई. उन्होंने मिलों से आग्रह किया कि वे ऑफ-सीजन में मल्टी-फीड एथेनॉल उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ें. शाह ने इस मौके पर कहा कि मोदी सरकार किसानों की हर चुनौती में उनके साथ है और हर स्तर पर कार्रवाई की जाएगी.

# प्रगति पर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता

### कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली, 5 अक्टूबर.विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ चल रहे व्यापारिक मुद्दों को हल करने के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है.**

कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए, जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों की मजबूती को स्वीकार किया, लेकिन व्यापार और ऊर्जा सहयोग में मौजूदा खटकने वाले तत्वों को भी उजागर किया. उन्होंने कहा कि व्यापार चर्चाओं में समाधान नहीं मिलने के कारण अमेरिका ने भारत पर कुछ टैरिफ



लगाए हैं, जिन्हें भारत ने अन्यायपूर्ण बताया है. जयशंकर ने रूस से भारत के ऊर्जा आयात पर अमेरिका की आपत्ति का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि टैरिफ रूस से ऊर्जा खरीदने से संबंधित है, जबकि अन्य देश भी ऐसा कर रहे हैं. उन्होंने जोर दिया कि इन मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है, और हम सक्रिय रूप से इस पर काम कर रहे हैं.

> अमेरिका ने भारतीय शिपमेंट पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, साथ ही रूस से तेल खरीद पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जिससे भारत पर कुल शुल्क 50 फीसदी हो गया है. भारत ने इसे अन्यायपूर्ण, अनुचित और तर्कहीन बताते हुए निंदा की है, और कहा आयात 1.4 अरब भारतीय नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लक्ष्य पर आधारित है. टैरिफ विवाद के बावजूद भारत-अमेरिका साप्ताहिक आधार पर व्यापार, मंत्रिस्तरीय व राजनयिक स्तर पर सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए पांच दौर की बातचीत हो चुकी है.

# सरकार उद्योगों को दे रही बढ़ावा : भजनलाल

**जयपुर, 5 अक्टूबर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार हस्तशिल्प के हुनर को सम्मान देने के साथ ही प्रदेश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्तर पर प्रयास कर रही है.**

इसके अलावा प्रदेश के आर्थिक विकास को सर्वोपरि रखते हुए पिछले 22 महीनों में आर्थिक सुधार लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं. शर्मा रविवार को जयपुर के अग्रवाल कॉलेज में क्षत्रिय स्वर्णकार सभा द्वारा आयोजित महाराजा अजमी जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि महाराजा अजमी चंद्रवंशी परंपरा के महान शासक होने के साथ ही उच्च कोटि के कलाकार भी थे. उन्होंने आभूषण व कलाकृतियां बनाने की कला को अपनी प्रजा और वंशजों के लिए एक गौरवशाली व्यवसाय में बदलने का कार्य किया. उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज महाराजा अजमी की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश की कला, संस्कृति व अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम योगदान दे रहा है. उन्होंने कहा कि सोने को तराश कर उसमें प्राण फूंकने की जो कला स्वर्णकार समाज के पास है, वह दुनिया के अन्य किसी समाज में देखने को नहीं मिलती. उनके द्वारा बनाए जाने वाले आभूषण भारतीय

> शर्मा ने कहा कि जयपुर विशेष रूप से रत्न एवं आभूषणों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में विख्यात है. यहां के कारीगरों द्वारा तैयार किए गए रत्न और सुंदर आभूषण अंतरराष्ट्रीय बाजार में जयपुर को विशेष पहचान दिलाते हैं. इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ ही, लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है. शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में राजस्थान अपराध के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल था. हमने सरकार बनते ही, इसे गंभीरता से लिया और प्रदेशवासियों को सुरक्षित वातारण उपलब्ध कराने के लिए कई ठोस कदम उठाए.



# नीतीश कल करेंगे पटना मेट्रो का उद्घाटन

**पटना, 5 अक्टूबर.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को सुबह 11 बजे भूतनाथ से न्यू आईएसबीटी तक पहले फेज के मेट्रो के परिचालन का उद्घाटन करेंगे. यह मेट्रो सेवा 4.3 किलोमीटर के रूट पर चलेगी, जो तीन स्टेशनों आईएसबीटी, जीरो माइल और भूतनाथ रोड के बीच संचालित होगी. पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (पीएमआरएल) ने परिचालन की अंतिम तैयारी पूरी कर ली है. उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे. उद्घाटन के लिए मेट्रो के कोच को मधुबनी पेंटिंग से खास तौर पर सजाया गया है.

# बिहार चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त

- कांग्रेस ने गहलोत, बघेल, रंजन को दी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली 5 अक्टूबर. कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और लोकसभा में पूर्व नेता विपक्ष लोकसभा अधीर रंजन चौधरी को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है.**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन्हें नियुक्त किया है. पार्टी ने वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही बिहार में सभी जिलों के लिए जिला चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की है। सभी जिला पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्धारित जिलों में चुनावी



गतिविधियों की निगरानी करेंगे। स्थानीय उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे और पार्टी आलाकमान को जमीनी हकीकत से अवगत कराएंगे. जिला चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए नेताओं में अविनाश पांडे, कमलेश्वर पटेल, हरीश चौधरी, काजी निजामुद्दीन, अजय कुमार लल्लू, भक्त चरण दास, अजय राय, शुभंकर सरकार, सतेज बंटी पाटिल, ईशा खान चौधरी, तनुज पुनिया, प्रदीप जैन आदित्य, अनिल चौधरी, अभिषेक दत्त, रामकिशन ओझा, सत्यनारायण पटेल शामिल हैं.

> **एनडीए ने सीट बंटवारे का खाका किया तैयार**
>
> **पटना.** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने सीट बंटवारे का खाका लगभग तैयार कर लिया है. बीजेपी और जेडीयू के बीच सीटों को लेकर सहमति बन चुकी है और जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा की जा सकती है. तय योजना के अनुसार भाजपा 101 और जदयू 102 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी बची 40 सीटें एनडीए के अन्य सहयोगी दलों -लोजपा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनता पार्टी के बीच बांटी जाएंगी.

# वंदे भारत के कोच में धुंआ, अफरा तफरी

**नई दिल्ली.** दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत ट्रेन (ट्रेन संख्या 22416) के कोच सी-15 में रविवार शाम धुंआ भरने से अफरा तफरी मच गई, जिसके चलते ट्रेन कानपुर के आगे रेललाइन पर करीब 15 मिनट रूकी रही. स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन गतंव्य के लिये रवाना हो गयी. ट्रेन में धुआं भरने के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है. ट्रेन में सवार एक यात्री ने बताया कि धुंआ भरने से सभी लोग घबरा गए और अफरा तफरी की स्थिति बन गई. ट्रेन 15 मिनट रूकी रहने के बाद अपने गतंव्य के लिए रवाना हो गई. ट्रेन में धुंआ देखकर थोड़ी देर के लिए यात्रियों में हड़कंप मच गया और ट्रेन रूकते ही लोग अपनी सीट छोड़कर बाहर जाने लगे मगर थोड़ी देर में स्थिति सामान्य हो गई.

## एक नजर में




### हिंसा के बाद ट्रंप ने शिकागो भेजे नेशनल गार्ड

**वॉशिंगटन डीसी 5 अक्टूबर.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक गढ़ शिकागो में अवैध प्रवासियों पर शिकंजा कसने के लिए ऑपरेशन मिडवे ब्लिट्ज शुरू किया है. इसे लेकर ही लोगों का गुस्सा फूट रहा है और हिंसा पर उतर आए हैं. शनिवार को अमेरिकी कानून प्रवर्तन के अधिकारियों पर हमले के बाद ट्रंप ने शिकागो में 300 नेशनल गार्ड्समैन तैनात करने का फैसला किया. इलिनॉयस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर ने कहा कि शिकागो में संघीय सेना की तैनाती को अस्वीकार करने के बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप ने तैनात करने का फैसला किया है .अमेरिकी प्रांत इलिनॉयस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर ने यह जानकारी दी. जेबी प्रित्जकर ने कहा कि शिकागो में संघीय सेना की तैनाती को बार-बार अस्वीकार करने के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वहां 300 नेशनल गार्ड्स तैनात करने का फैसला किया है.

### रूसी वायु रक्षा बलों ने यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को, 5 अक्टूबर.** रूस के वायु रक्षा बलों ने रात भर में 32 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को मार गिराया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि शनिवार रात से वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 32 यूक्रेनी ड्रोन्स को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि इनमें से 11 यूएवी बेलगोरोद क्षेत्र में, 11 वोरोनिश क्षेत्र में, पांच निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में, एक ब्रांस्क क्षेत्र में, एक कुसर्क क्षेत्र में, एक तुला क्षेत्र में, एक तांबोव क्षेत्र में और एक मोर्दोविया गणराज्य में मार गिराए गए.

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 को आस्ट्रेलिया जाएंगे




**नई दिल्ली 5 अक्टूबर.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौ अक्टूबर को आस्ट्रेलिया की दो दिन की यात्रा पर जायेंगे और इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने से संबंधित तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है. रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सिंह ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के निमंत्रण पर नौ से दस अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे. यह वर्ष 2014 के बाद से किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा है. यह यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रही है जब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे रहे हैं.

# एंटी रोमियो स्क्वॉड से महिलाओं की सुरक्षा

- योगी आदित्यनाथ सरकार का मिशन शक्ति

**लखनऊ 5 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती दी है.**

नवरात्र के दौरान यूपी पुलिस के एंटी रोमियो स्क्वॉड ने विशेष अभियान चलाते हुए एक लाख से अधिक मंदिरों, बाजारों, मॉल और सार्वजनिक स्थलों की गहन जांच की. अभियान के दौरान 9.77 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच, 2,542 अभियोग पंजीकृत, 3,972



गिरफ्तारियां और 3.13 लाख लोगों को चेतावनी दी गई. इसके अलावा 53 हजार से अधिक निरोधात्मक कार्रवाइयां भी की गई. पुलिस की सतर्कता से नवरात्र और रामलीला पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए. इसके लिए प्रदेश भर में 37 हजार से अधिक अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे. इनमें 411 राजपत्रित अधिकारी, 7,999 निरीक्षक / उपनिरीक्षक, 22,547 आरक्षी और 6,380 होमगार्ड/पीआरडी कर्मी शामिल थे. वहीं राज्य भर में 55 हजार से अधिक पंडालों और 4,900 से अधिक रामलीला स्थलों पर सुरक्षा इंतज़ामों की कड़ी निगरानी की गई. महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि 39,911 महिला चौपालों के माध्यम से 20 लाख से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ा गया, जबकि 1.56 करोड़ फोल्डर, पंपलेट और स्टीकर वितरित कर महिलाओं की सुरक्षा संबंधी संदेश आमजन तक पहुंचाए गए.

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1302 | बैजेंटाइन साम्राज्य तथा वेनिस गणराज्य के बीच शांति समझौता हुआ। |
| 1524 | भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरांगना रानियों में से एक रानी दुर्गावती का जन्म हुआ। |
| 1676 | ईस्ट इंडिया कंपनी को इंग्लैंड के राजा से मुंबई में भारतीय मुद्रा ढालने का अधिकार मिला। |
| 1789 | फ्रांस की क्रांति के दौरान पेरिस की महिलाओं ने वर्साय तक मार्च किया। |
| 1793 | फ्रांसीसी क्रांति के दौरान फ्रांस में ईसाई धर्म विस्थापित हुआ। |

# दीपावली और छठ पर्व पर 1,800 अतिरिक्त उड़ानें

- त्यौहारों पर बढ़ेगी हवाई उड़ानों की संख्या
- डीजीसीए की सख्ती, कीमतों पर भी रहेगी नजर

**नई दिल्ली, 5 अक्टूबर. इस साल दीपावली और छठ पर विमान सेवा कंपनियां लगभग 1,800 अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेंगी.**

इंडिगो 42 मार्गों पर 730 और एयर इंडिया तथा एयर इंडिया समूह 20 मार्गों पर 786 अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेंगी. स्पाइसजेट 38 मार्गों पर 546 अतिरिक्त उड़ान भरेगी. नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार को बताया नागर विमानन महानिदेशालय के साथ एक बैठक के बाद विमान सेवा कम्पनियों ने यह जानकारी दी है. अतिरिक्त उड़ानों का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किराये को नियंत्रित रखने के उपाय ढूँढ़ना था.मंत्रालय ने डीजीसीए को



हवाई किरायों पर नजर रखने, विशेष रूप से त्योहारों के दौरान, तथा कीमतों में वृद्धि होने पर उचित कदम उठाने का अधिकार दिया है. मंत्रालय ने बताया कि डीजीसीए त्योहारों के दौरान यात्रियों के हितों की रक्षा के लिए एयरलाइन किराए और उड़ान क्षमताओं पर कड़ी निगरानी रखेगा. नागर विमानन महानिदेशालय ने त्यौहारों के मौसम में हवाई किराए में होने वाली संभावित वृद्धि को देखते हुए कड़े कदम उठाए हैं.

> नागर विमानन मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मंत्रालय के निर्देश पर डीजीसीए को विशेष रूप से त्योहारी सीजन के दौरान हवाई किराए पर कड़ी निगरानी रखने और कीमतों में उछाल आने पर उचित उपाय करने का जिम्मा सौंपा गया है. इसी क्रम में, डीजीसीए ने एयरलाइंस के साथ इस मुद्दे को सक्रिय रूप से उठाया और उनसे उच्च मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त उड़ानों को तैनात कर उड़ान क्षमता बढ़ाने को कहा। डीजीसीए के निर्देश पर, प्रमुख एयरलाइंस ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की है. नागर विमानन महानिदेशालय ने स्पष्ट किया है कि वह त्योहारी सीजन में यात्रियों के हितों की रक्षा के लिए एयरलाइन किराए और उड़ान क्षमताओं पर कड़ी निगरानी बनाए रखेगा. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को बढ़ती मांग के बावजूद उचित मूल्य पर हवाई यात्रा की सुविधा मिल सके.

# मिस्र कराएगा इजरायल और हमास की मध्यस्थता बैठक

**काहिरा 5 अक्टूबर. गाजा में युद्ध विराम के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव पर सहमति बनने के बाद अब बंधक बनाए लोगों की जल्द घर वापसी होगी.**

सभी इजरायली बंदियों और फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली को लेकर इजरायल और हमास के प्रतिनिधिमंडलों की सोमवार को होने वाली बैठक की मेजबानी मिस्र करेगा. यह जानकारी मिस्र के विदेश मंत्रालय ने दी. मिस्र ने उम्मीद जताई है कि ये बैठक लगातार दो वर्षों से जारी संघर्ष और फिलिस्तीनी लोगों की पीड़ा को खत्म करने में मदद करेगी. मिस्र ने उम्मीद जताई है कि ये बैठक लगातार दो वर्षों से जारी संघर्ष और फिलिस्तीनी लोगों की पीड़ा को खत्म करने में मदद करेगी. रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को उम्मीद जताई कि गाजा में बंद सभी इजरायली बंधकों को कुछ ही दिनों में रिहा किया जा सकता है.

नेतन्याहू ने कहा, हम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के दहलीज पर हैं. अभी यह अंतिम नहीं है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आगामी सुक्कोट अवकाश के दौरान हम गाजा पट्टी में अपनी सैन्य उपस्थिति बनाए रखते हुए सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कर पाएंगे.



## मुख्यमंत्री यादव असम के सीएम से मिले

**गुवाहाटी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुवाहाटी प्रवास के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की.

## मुसीबत | भारी बारिश से तबाही, भारत में भी अलर्ट जारी

# नेपाल में भूस्खलन से 14 की मौत

**काठमांडू, 5 अक्टूबर. नेपाल में बारिश के कारण हुए भूस्खलन की अलग अलग घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई है और आठ अन्य लापता हैं.**

नेपाल पुलिस के प्रवक्ता बिनोद घिमिरे ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया, इलम जलि में भूस्खलन की अलग-अलग घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य लापता हैं. इसी तरह, रसुवा जलि में बाढ़ में चार पर्वतारोही लापता हैं. घिमिरे ने बताया कि इलम में मरने वालों में छह लोग एक ही परिवार के



सदस्य थे और पांच अन्य दूसरे परिवार से थे. लगातार हो रही बारिश के कारण नेपाल के अधिकांश हिस्सों में दैनिक जीवन काफी प्रभावित हुआ है. इससे भूस्खलन और बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है और राजमार्ग और सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं. शनिवार से काठमांडू घाटी में वाहनों की आवाजाही पर तीन दिनों का प्रतिबंध लगा दिया गया है.

> **चीन में तूफान, डेढ़ लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया**
>
> **गुआंगडोंग.** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में प्रशासन ने मैटमो तूफान की तीव्रता को देखते हुये आपातकालीन प्रतिक्रिया को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है और 150,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है. तूफान मैटमो लगभग 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है जिससे भारी बारिश और तूफान की आशंका है. एहतियात के तौर पर झानजियांग शहर में कक्षाएं, काम, उत्पादन, परिवहन और व्यवसायों को पूरी तरह से बंद कर दिया है.

# स्कूल की इमारत गिरने से 37 की मौत

**जकार्ता, 05 अक्टूबर.** इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में एक स्कूल की इमारत ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गयी है. क्षेत्रीय बचाव अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. पूर्वी जावा खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख नानंग सिगित ने कहा कि तलाश एवं बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि पीड़ित मलबे में दबे हुए थे. लगभग 25 लोग लापता हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है. गौरतलब है कि सिदोअर्जो जिले में बहुमंजिला अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल का एक हिस्सा सोमवार को अनधिकृत नवीनीकरण के दौरान ढह गया, जिसमें दर्जनों छात्र फंस गए.

# लूट कांड का मुख्य आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार

**फिरोजाबाद 05 अक्टूबर.** गुजरात में एक कंपनी की वैन से दो करोड रुपए की लूट की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य सरगना नरेश रविवार को पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पुलिस ने जनपद में फरार बदमाश की तलाश में नाकेबंदी कर दी है। गौरतलब है कि फिरोजाबाद जनपद पुलिस और एसओजी टीम ने एक गुजरात की कंपनी की वैन के स्टाफ का किडनैप करके दो करोड रुपए की लूट किए जाने के मामले मे छह बदमाशों को एक करोड़ पांच हजार रुपये की नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस टीम रविवार को अन्य औपचारिकताओं के साथ उसे कुछ बारामदगी के संबंध में मुख्य सरगना नरेश निवासी खैर अलीगढ़ को अपने साथ लेकर जा रही थी तभी मक्खनपुर क्षेत्र में ही बदमाश ने पेट दर्द होने की शिकायत पर खेत में शौच के लिए चला गया. पुलिस बाहर की तरफ पहरा देती रही. जब कुछ देर तक बदमाश खेत से बाहर नहीं आया तो पुलिस ने अंदर जाकर तलाश किया तो बदमाश कहीं नहीं मिला जबकि उसके हाथों में हथकड़ी लगी हुई थी. पुलिस अभिरक्षा से बदमाश के फरार होने से विभाग में हड़कंप मच गया बदमाश की तलाश में सभी तरफ पुलिस टीमें सक्रिय कर दी गई.

# भारत-कतर व्यापार आयोग की बैठक में शामिल होंगे पीयूष गोयल

**नई दिल्ली/दोहा.** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रविवार से 6-7 अक्टूबर तक दो दिवसीय दौरे पर दोहा, कतर में कतर-भारत व्यापार और वाणिज्य संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए रवाना हो गए हैं. कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे. यह दौरा भारत के महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार कतर के साथ संबंधों के महत्व को दर्शाता है, इसका द्विपक्षीय व्यापार में 14 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहने का अनुमान है. गोयल के साथ विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी गए हैं.